**खबर संक्षेप**

## लोको टीम सेमीफाइनल में पहुंची, आनंद यादव बने 'मैन ऑफ द मैच'



सतना। रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में आज लोको और सतना 11 पीवे के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। लोको टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। लोको के कप्तान धीरेंद्र गुप्ता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 125 रन बनाए। टीम की ओर से आनंद यादव ने 51,पवन ने 22 और यादवेंद्र सिंह ने 21 रनों का योगदान दिया। जवाब में सतना 11 पीवे की टीम 15 ओवरों में 9 विकेट पर महज 72 रन ही बना सकी। लोको के आनंद यादव और गौतम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके। मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (टेलीकॉम) चंदन कुमार रहे। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन 51 रन और 3 विकेट के लिए आनंद यादव को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। टूर्नामेंट कमेटी के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि कल पहला मैच सतना कैरिज वैगन बनाम इंजीनियरिंग और दूसरा मैच उचेहरा प्लस मैहर एकादश बनाम पीआरडी के बीच खेला जाएगा।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



मैहर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। मांगों को लेकर बाबा तालाब से कलेक्टर कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च उप-कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ (आंगनवाड़ी प्रकोष्ठ) के बैनर तले सैकड़ों बहनों ने सर्दियों की ठंड में भी सड़कों पर उतरकर सरकार से नियमितीकरण, बेहतर पेंशन और 5जीमोबाइल की मांग की। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो बड़ा आंदोलन की चेतावनी। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और कहा कि वर्षों से कम मानदेय पर काम करने वाली बहनें अब थक चुकी हैं। पुराने 4जी मोबाइल से पोषण ट्रैकर ऐप नहीं चल रहा, जिससे काम प्रभावित हो रहा है।

## महिला कांग्रेस की नई प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया का मैहर दौरा 14 फरवरी को

मैहर। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया अपने संगठनात्मक दौरे के तहत 14 फरवरी को मैहर पहुंच रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिम्मेदारी मिलने के बाद रीना बौरासी सेतिया का यह दौरा महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और आगामी रणनीतियों को धार देने के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।k

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की,धूमधाम से हुआ कृष्ण जन्म



सतना। श्री रुद्र महायज्ञ दहलान धाम शिवराज पुर में द्वारका पीठ शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज की उपस्थिति में मानस महारथी भागवत भूषण पं निर्मल कुमार जी शुक्ल ने उक्त उद्गार व्यक्त किए।श्री कृष्ण जन्म महोत्सव की दिव्य कथा सुनाते हुए महराज श्री ने कहा कि नंद यशोदा का प्रेम इतना पवित्र है कि भगवान ने भले ही वसुदेव देवकी के यहां जन्म लिया कि समस्त वात्सल्य सुख नंद यशोदा के हिस्से आया। नंद का तात्पर्य है जो दूसरे को आनंद प्रदान करे और जो समाज को यश प्रदान करे वह यशोदा है। अगर पति पत्नी संसार को आनंद और यश देने लगें तो उन्हें परमात्मा को खोजने नहीं जाना पड़ेगा बल्कि परमात्मा स्वयं उनके अंक में आ जाते हैं। भगवान कृष्ण प्रेमावतार हैं उन्हें केवल प्रेम के द्वारा ही पाया जा सकता है। वृंदावन की गोपियां प्रेम की आचार्य हैं देवर्षि नारद ने भक्ति सूत्र में कहा है अगर प्रेम का प्रमाण देखना है तो इन गोपियों की शरण में जाना पड़ेगा।

# सतना एवं मैहर में रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों का कहर



सतना।

पिछले 24 घंटों के दौरान सतना और मैहर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन बड़ी सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में कहीं यांत्रिक खराबी तो कहीं बेजुबानों को बचाने की कोशिश हादसों का कारण बनी।

मैहर में एनएच-30 पर सीमेंट लदा बलकर पलटा

मैहर के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुबेही मोड़ के पास एक बड़ा हादसा टल गया। बिरला परफेक्ट झुकेही से सीमेंट लोड कर रीवा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार बलकर की स्टेरिंग अचानक फेल हो गई। स्टेरिंग पर नियंत्रण खोते ही बलकर हाईवे पर ही पलट गया। सूचना मिलते ही डायल 112 और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। देर रात क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बलकर को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया। मौके पर देहात थाना पुलिस का स्टाफ मुस्तैद रहा।

### नागौद में गाय को बचाने के चक्कर में पुलिया के नीचे गिरी कार

नागौद-उचेहरा मार्ग पर नन्दहा गांव के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार,कार क्रमांक एमपी 17 सीए 7456 के सामने अचानक एक गाय आ गई,जिसे बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुलिया के नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार सवार दो लोगों को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी वाहन द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया है।



### रामपुर बाघेलान में ट्रक और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के सिजहटा में एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत होने की खबर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी और तकनीकी खराबी बड़े हादसों का सबब बन रही है। कृपया तेज रफ्तार से बचें और सुरक्षित ड्राइविंग करें।

# अटरा हत्याकांडः 50 दिन से फरार मुख्य आरोपी पंकज सिंह गिरफ्तार, जेल भेजा

सतना।

जनपद के चर्चित ग्राम अटरा हत्याकांड में नागौद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घटना के करीब डेढ़ महीने बाद मामले के मुख्य आरोपी प्रागेन्द्र सिंह उर्फ पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद उपजेल नागौद भेज दिया गया है।



### क्या था पूरा मामला?

घटना पिछले वर्ष 26 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 बजे की है। ग्राम अटरा निवासी प्रहलाद सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने चाचा द्वारिका सिंह और अन्य परिजनों के साथ खेत में आग ताप रहे थे,तभी आरोपी पंकज सिंह अपनी गाड़ी एमपी 19 सीसी 3682 से वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर पंकज ने फोन कर अपने भाइयों और साथियों को हथियार सहित मौके पर बुला लिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी,रॉड,हथौड़े और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। इस दौरान मुख्य आरोपी पंकज सिंह ने द्वारिका सिंह के सीने पर हथौड़े से जोरदार वार किया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल सतना में उपचार के दौरान द्वारिका सिंह की मृत्यु हो गई, जिसके बाद पुलिस ने हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक व उप महानिरीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। पुलिस ने पूर्व में ही 8आरोपियों खुशीराम सिंह, कुशमेन्द्र, लवकुश, अनिल, कुंजीलाल, रामदुलारे, संदीप और हर्षित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन मुख्य आरोपी पंकज सिंह लगातार फरार चल रहा था। 12 फरवरी 2026 को पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर पंकज सिंह को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त वाहन के दस्तावेज और चाबी भी बरामद कर ली है।

### दो आरोपी अब भी पुलिस की रडार पर

थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि इस हत्याकांड के दो अन्य आरोपी अंकित सिंह और अमित सिंह अभी भी फरार हैं।पुलिस की टीमें उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण सफलता में थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय, उपनिरीक्षक आर.पी.वर्मा, प्रधान आरक्षक आर.के. कुशवाहा,राजेन्द्र पाण्डेय और आरक्षक ओम प्रकाश की मुख्य भूमिका रही।

**14.26 लाख का माल बरामद, एसआईटी और साइबर सेल की मदद से सुलझी गुत्थी**

# घर में घुसकर लाखों की चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

सतना।

चित्रकूट पुलिस ने सिरसावन गांव में हुई लाखों की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से 10 लाख 26 हजार रुपये नकद और करीब 4 लाख रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं।



### घटना का संक्षिप्त विवरण

जानकारी के अनुसार,सिरसावन निवासी मनोज पयासी के घर में 20-21जनवरी की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोला था। चोरों ने ऊपर के कमरे का ताला तोड़कर लगभग 20 लाख रुपये की नकदी और जेवरात पार कर दिए थे। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 47/26 के तहत बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### एसआईटी और साइबर सेल ने बिछाया जाल

मामले की गंभीरता को देखते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। साइबर सेल की तकनीकी मदद और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपी

विक्की उर्फ विभव पाण्डेय 28 वर्ष निवासी प्रमोदवन,चित्रकूट,अभय तिवारी 24 वर्ष निवासी इटावा (यूपी), हाल भोपाल और हर्ष मिश्रा 22 वर्ष निवासी सिरसावन है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 14 लाख 26 हजार रुपये का माल बरामद किया है। इसमें नगदी के साथ-साथ चोरी के जेवरात और घटना में प्रयुक्त 3 मोबाइल फोन भी शामिल हैं। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया गया है। भूमिका इस अंधे कत्ल जैसी गुत्थी को सुलझाने में थाना प्रभारी जी.एस.बाजपेयी,उपनिरीक्षक नेहा ठाकुर,साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह और उनकी टीम अंकित सिंह,मनोज गुर्जर,अनुज सिंह व अन्य की मुख्य भूमिका रही।

# 31 बड़े बकायादारों की काटी गई बिजली,10 पर मामले दर्ज

सतना।

राजस्व वसूली बढ़ाने व बिजली का नुकसान रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत मैहर सहायक अभियंता सुश्री दीक्षा चौबे के द्वारा गठित टीम ने उचेहरा क्षेत्र के बिहटा बिजली वितरण केंद्र गोबराव खुर्द में दबिश के दौरान कई वर्षों से बिजली बिल जमा न करने वाले बड़े उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद करने के साथ साथ पूर्व से काटे गए कनेक्शनों को पुनः जुड़ा पाए जाने पर मौके पर ही विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं इसी के साथ सघन चेकिंग के दौरान मीटर से छेड़छाड़ और मीटर के पूर्व सर्विस केवल में कट लगा कर मीटर को बायपास कर चोरी करने वाले 10बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिन पर तीन लाख से ज्यादा की रिकवरी बनाई गई।जिन्हें अब न्यायालय विद्युत नागौद में प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी अनुसार डीई मैहर ओमेंद्र सिंह के निर्देश में गुरुवार को एक विशेष अभियान के तहत पूरे मैहर संभाग में 6 टीमें बड़े बकायादारों के यहां कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही का अभियान चलाया गया। इस दौरान उपभोक्ता अमर सिंह,विश्वनाथ विश्वकर्मा,राजवेंद्र सिंह,अनेक सिंह,शैलेन्द्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,बाल गोविंद दहायत,अनिल दहायत एवं दीपक मिश्रा बिजली अधिकारी सुश्री दीक्षा चौबे के द्वारा विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कराए गए एवं जानकारी दी गई कि इन धाराओं में जुर्माने एवं सजा या दोनों का प्रावधान है।



# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल; एलआईसी कार्यालयों में कामकाज ठप

सतना।

देश की 10 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और 100से अधिक जन संगठनों के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का सतना में व्यापक असर देखने को मिला।ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के नेतृत्व में सतना डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के बैनर तले एलआईसी के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत हड़ताल रखी।



### निजीकरण और श्रम संहिताओं का विरोध

हड़ताल के दौरान मंडल कार्यालय परिसर में एक संयुक्त सभा का आयोजन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए महासचिव कॉमरेड धर्मेंद्र सिंह बघेल ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा लागू की जा रही नई श्रम संहिताएं कॉर्पोरेट घरानों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देती हैं,जबकि करोड़ों श्रमिकों के 'ईज ऑफ लिविंग' पर चोट करती हैं। इससे संगठन बनाने, सामूहिक सौदेबाजी और 8 घंटे के कार्यदिवस की अवधारणा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

### प्रमुख मांगें और आपत्तियां

एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड राजेश द्विवेदी ने अमानवीय श्रम संहिताओं,बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई और सरकारी कंपनियों के निजीकरण का पुरजोर विरोध किया।

### संगठन की प्रमुख मांगें

एलआईसी में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की जाए। कर्मचारियों को 1995 की पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए।

### बीमा संशोधन विधेयक 2025 पर चिंता

महासचिव कॉमरेड टी.पी.पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2025 में 'बीमा संशोधन कानून विधेयक 2025' के पारित होने के बाद बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके बाद से अतिरिक्त विनिवेश और सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के निजीकरण की कोशिशें तेज हो गई हैं,जिसका संगठन कड़ा विरोध करता है। सभा को अन्य वक्ताओं सहित कॉमरेड मोनिका अवस्थी ने भी संबोधित किया। इस हड़ताल के कारण सतना-1,सतना-2 और सीएबी शाखा सहित मंडल की विभिन्न शाखाओं में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा।

# असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद, घर के बाहर खड़ी कार को किया आग के हवाले

मैहर।

**जिले के सरला नगर स्थित शिव कॉलोनी में बीती रात असामाजिक तत्वों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए एक घर के बाहर खड़ी मारुति ईको वाहन को आग के हवाले कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है,वहीं स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।**

### आधी रात को दिया वारदात को अंजाम

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 11 और 12 फरवरी की दरमियानी रात लगभग 12 बजे से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। शिव कॉलोनी निवासी रजनीश कुशवाहा की मारुति ईको (वाहन क्रमांक एमपी 19 जेडसी 1362) रोज की तरह उनके घर के बाहर खड़ी थी। देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने वाहन में आग लगा दी,जिससे गाड़ी का पिछला हिस्सा और अंदरूनी भाग पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।सुबह जब लोगों ने जली हुई गाड़ी देखी तो कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### अवैध गतिविधियों से जुड़ा मामला?

पीड़ित वाहन मालिक रजनीश कुशवाहा का आरोप है कि यह घटना क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब और मांस के कारोबार से जुड़ी हो सकती है। उन्होंने बताया कि उनके घर के ठीक सामने अवैध रूप से शराब और मांस की दुकान संचालित हो रही है,जहां दिन-रात शराबियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। रजनीश कुशवाहा के अनुसार,पिछले एक साल से इस अवैध कारोबार की वजह से कॉलोनी का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। हमने कई बार पुलिस से शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई न होने का नतीजा यह हुआ कि आज मेरी गाड़ी जला दी गई।

### कॉलोनीवासियों में आक्रोश

घटना के बाद सरला नगर और शिव कॉलोनी के रहवासियों में भारी नाराजगी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते अवैध शराब और मांस के कारोबार पर कार्रवाई की गई होती,तो शायद इस तरह की वारदात नहीं होती।ग्रामीणों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों के हौसले इसलिए बुलंद हैं क्योंकि उन्हें कानून का डर नहीं है।





# शाहनगर रेंज से दक्षिण पन्ना के सभी अनुभूति नेचर कैंप्स का सफल समापन

## "पन्ना के असली हीरे" पहल अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय की छात्रा कात्यायनी सोनी को किया गया सम्मानित







### डीएफओ और सीईओ ने बच्चों से किया संवाद

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के षाहनगर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत सिद्ध स्थल बाला जी टिकरिया में अनुभूति नेचर कैंप के दूसरे षिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसके साथ ही दक्षिण पन्ना में आयोजित सभी अनुभूति कैंप्स का समापन हुआ। कार्यम में दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम षर्मा, पन्ना जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, प्रषिक्षु आईएफएस पंकज चौधरी, उपवनमण्डलाधिकारी कल्दा नितिन कुमार निगम, वनपरिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे, जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष रमेष सिंह राठौर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। षासकीय हाई स्कूल रोहनिया के लगभग 125 विद्यार्थियों ने "मैं भी बाघ", "हम हैं बदलाव" और "हम हैं धरती के दूत" थीम पर आयोजित गतिविधियों में भाग लिया। टिकरिया बाला जी क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रातः पक्षी दर्षन कराया गया तथा मास्टर ट्रेनर अजय चौरसिया और वनकर्मियों द्वारा जैव विविधता, वनस्पतियों, लघु वनोपज, औशधीय पौधों, फूड चेन और इकोसिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने जंगल में विभिन्न वृक्षों, कीट-पतंगों और जीव-जंतुओं को प्रत्यक्ष देखकर प्रकृति को करीब से समझा। कार्यम के दौरान पर्यावरण एवं वन्यप्राणी संरक्षण से संबंधित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पूरे षिविर को प्लास्टिक फ्री थीम पर आयोजित किया गया, जहां बच्चों को दोना-पत्तल में भोजन कराया गया और पर्यावरण संरक्षण के संदेष के साथ नीम कंघी, स्ट्रिंग बैग, बांस टूथब्रष तथा विंध्य हर्बल के प्राकृतिक उत्पादों (षहद, ग्रोविट , आंवला कैंडी) की अनुभूति किट वितरित किए गए। इस दौरान डीएफओ अनुपम षर्मा और सीईओ उमराव सिंह मरावी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जंगलों की सुरक्षा, हरे पेड़ों की कटाई रोकने और वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। कार्यम के दौरान "पन्ना के असली हीरे" पहल अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना की छात्रा कात्यायनी सोनी को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अंतरराश्ट्रीय स्तर पर आयोजित इंटरनेषनल वैल्यू एजुकेषन ओलम्पियाड 2025 में प्रथम सानि प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया था। यह ओलम्पियाड नैतिक मूल्यों, आचरण और चरित्र निर्माण पर आधारित प्रतिश्ठित प्रतियोगिता है। समापन अवसर पर विद्यार्थियों को वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया गया और "हम हैं धरती के दूत" थीम गीत का गायन कराया गया। बच्चों ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कर जंगलों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेष दिया। कार्यम में षिक्षकगण, पत्रकार प्रतिनिधि, सानीय जनप्रतिनिधि तथा षाहनगर वनपरिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पन्ना टाइगर रिजर्व में हिम एजुकेशन सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा हाथी प्रबंधन एवं वन्य जीव प्रबंधन कार्यों हेतु एक नग ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान




**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा हाथी प्रबंधन एवं वन्यजीव प्रबंधन कार्यों हेतु एक नग ट्रैक्टर-ट्रष्ली का दान प्रदान किया गया है। हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परिक्षेत्र हिनौता स्थित हाथी षिविर का निरीक्षण किया तथा हथिनी 'अनारकली' से जन्मे दो षावकों 'केतकी' एवं 'रोहिणी' का अवलोकन किया। साथ ही, पार्क प्रबंधन द्वारा संचालित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। वन्यजीव संरक्षण एवं हाथी प्रबंधन कार्यों में सहयोग प्रदान करने की भावना से संस्था द्वारा एक नग ट्रैक्टर-ट्रष्ली दान स्वरूप प्रदान करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रबंधन द्वारा स्वीकार किया गया। उक्त ट्रैक्टर-ट्रष्ली प्राप्त हुई तथा हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली के प्रतिनिधि द्वारा परिक्षेत्र हिनौता स्थित हाथी षिविर में उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व को औपचारिक रूप से सुपुर्द की गई। इस अवसर पर उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### खमतरा में युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, गांव में शोक की लहर



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमतरा से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 38 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भारत लाल यादव पिता उमेश यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे घटना की जानकारी परिवारजनों को लगी, जिसके बाद तत्काल शाहनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। शाहनगर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### महाशिवरात्रि पर महादेव पर्व में कलाकार देंगे प्रस्तुतियां




**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से रविवार, 15 फरवरी को सायं 06:30 बजे से जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में महादेव पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा भगवान शिव की कला अभिव्यक्यिों पर केन्द्रित आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस अवसर पर डिंडोरी के लेखपाल धुर्वे एवं साथी कलाकार गोंड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य, ओडिसा के अभिजीत दास एवं साथी कलाकार सिंगारी नृत्य तथा सिवनी के रूद्रकांत ठाकुर एवं साथी कलाकारों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि मथुरा के माधव आचार्य के निर्देशन में नृत्य नाटिका शिव पुराण की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

## टेड़ीधार पुल पर खौफनाक भिड़ंत, नागपुर जा रही बस हादसे का शिकार



**अमानगंज।** पवई मार्ग पर टेड़ीधार पुल के पास बुधवार रात करीब 9 बजे भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। नागपुर की ओर जा रही जटाशंकर ट्रेवल्स की बस एमपी 20र2578 को सामने से आ रहे तेज रफ्तार बेलगाम डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बस के कई यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना जिला अस्पताल रेफर किया गया। आमने-सामने की टक्कर में बस चालक और डंपर चालक भी अतिगंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, वहीं कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी बाधित रहा।

## जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता 17 फरवरी तक

**पन्ना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मेरा युवा भारत के सहयोग से युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से आगामी 17 फरवरी तक जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बजट क्वेस्ट 2026 के संबंध में यह पहल यूनियन बजट के बारे में जन समझ बढ़ाएगी। ऑनलाइन प्रतियोगिता युवा सहभागिता सुनिश्चित कर बजट को लोगों के जीवन से जोड़ने और उसे सरल व समझने योग्य बनाने का प्रयास भी है। यह क्विज वर्चुअल तौर पर मेरा युवा भारत की वेबसाइट पर लाइव है। इसमें भाग लेकर राष्ट्रीय स्तरीय विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हो सकेगा। विजेता युवा अपने विचार सीधा देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे। 17 फरवरी को ही क्विज के परिणाम घोषित होंगे एवं देश के प्रत्येक जिले से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मेरा युवा भारत कार्यालय पन्ना ने जिले के सभी युवाओं से आह्वान किया है कि अधिकाधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सरस्वती पूजन के साथ कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**पवई ।** शासकीय हाई स्कूल मुराछ में सरस्वती पूजन एवं कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई, जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्या की देवी से उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री राम सेवक सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना पटेल सहित जितेंद्र राजपूत, रामेश्वर प्रसाद पटेल, मनोज कुमार पटेल, वीरेंद्र कुमार लखेरा, पवन कुमार गर्ग, श्रीमती ऊषा पाठक, श्रीमती



अफसाना खातून, श्रीमती नीतू पटेल तथा राम प्रकाश पांडेय सहित समस्त शिक्षक स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा दसवीं के सभी छात्र-छात्राओं को क्लिप पैड (दफ्ती) एवं पेन भेंट स्वरूप प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और भावुकता का वातावरण बना रहा।

## जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

### विगत रात्रि देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत जुए के फड़ पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

### एक बोलेरो वाहन, 4 मोबाइल फोन, 19, 400 नगदी सहित लगभग 13 लाख का मशरूका जप्त




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा में जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त अभियान के तहत दिनांक 11-12 फरवरी 2026 की रात्रि में थाना देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए जुए के फड़ पर दबिश देकर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष सिंह यादव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति देवेन्द्रनगर के मुक्ति धाम रोड किनारे जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना देवेन्द्रनगर मे पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा मुखविर द्वारा बताये अनुसार मौके पर मुक्ति धाम रोड क्षेत्र में दबिश दी गई, जहाँ कुछ व्यक्ति रात्रि के अंधेरे मे प्रकाश की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से हार- जीत बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान एक बोलेरो वाहन, 04 मोबाइल फोन, 19,400/- नगदी एवं 52 पत्तों की ताश की गड्डी जप्त की गई। कुल लगभग 13 लाख मूल्य की संपत्ति जप्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर में संबंधित धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

#### नाम पता आरोपी-

1. रोहित विश्वकर्मा पिता ईश्वरदीन विश्वकर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी बड़ागांव, थाना देवेन्द्रनगर 2. विक्की सिसोदिया पिता सुरेन्द्र सिसोदिया, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 05, देवेन्द्रनगर 3. धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ गोलू पिता महराज सिंह ठाकुर, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 05, देवेन्द्रनगर 4. अभिषेक सिसोदिया पिता जीतेन्द्र सिसोदिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 05, देवेन्द्रनगर
5. अजय अहिरवार पिता रामपाल अहिरवार, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम दउअनटोला, थाना देवेन्द्रनगर 6. लखन प्रताप सिंह पिता मुलायम सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 04, देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.)

#### सराहनीय योगदान-

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष सिंह यादव, प्र.आर. शंकर बुंदेला, धीरेंद्र सिंह, लक्ष्मी यादव, अशोक बागरी, आर. बृजेंद्र रैकवार, दिनेश सोलंकी, मृगेंद्र तिवारी, अमित बागरी एवं चालक आरक्षक पुष्पेंद्र जाट का सराहनीय योगदान रहा।

### बोर्ड परीक्षा नियमों की अनदेखी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बगरोड का मामला

## 12वीं में पढ़ रहा बेटा, उसी परीक्षा केंद्र में पिता बने सहायक केंद्र अध्यक्ष

**रैपुरा।** शासन-प्रशासन के नियमों और आदेशों का भय अब अधिकारियोंद्धकर्मचारियों में कम होता दिखाई दे रहा है। कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है और शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसा ही एक गंभीर मामला शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बगरोड में संचालित 10वींद्ध12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सामने आया है। नियमानुसार, जिन शिक्षकों या कर्मचारियों के बच्चे उसी विद्यालय या परीक्षा केंद्र में 10वीं अथवा 12वीं की परीक्षा दे रहे हों, उन्हें उस केंद्र में केंद्र अध्यक्ष या सहायक केंद्र अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद बगरोड परीक्षा केंद्र में इस नियम की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदित्य तिवारी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बगरोड के परीक्षा केंद्र में कक्षा 12वीं (गणित विषय) की बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं। वहीं उनके पिता बृजलाल तिवारी, जो उसी विद्यालय में वर्ग-एक शिक्षक हैं, को उक्त केंद्र का स्थानीय सहायक केंद्र अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि बृजलाल तिवारी वर्तमान में उसी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भी हैं। जब इस विषय में परीक्षा केंद्र प्रभारी प्रमोद शुक्ला से चर्चा की गई तो उन्होंने पहले यह कहते हुए बचाव किया कि वे केवल 10वीं के केंद्र अध्यक्ष हैं। जबकि उपलब्ध आदेशों में ऐसा कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। सवाल यह भी उठता है कि यदि वे केवल 10वीं के लिए केंद्र अध्यक्ष हैं, तो 12वीं के लिए स्थानीय सहायक केंद्र अध्यक्ष कौन है?




उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि बृजलाल तिवारी का बेटा उसी केंद्र से परीक्षा दे रहा है और भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जाएगा। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रागिनी तिवारी ने बताया कि अधिकारियों को यह जानकारी होना संभव नहीं होता कि किसका बच्चा कहां पढ़ रहा है। संबंधित शिक्षक की यह जिम्मेदारी होती है कि वह स्वयं लिखित रूप से सूचित करे कि उसका बेटा या बेटी उसी केंद्र से परीक्षा दे रहे हैं, इसलिए उसकी ड्यूटी वहां न लगाई जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया है, तो यह संबंधित शिक्षक की गलती मानी जाएगी। उठते हैं कई गंभीर सवाल -बृजलाल तिवारी ने अपने बेटे के परीक्षा देने की जानकारी अधिकारियों को क्यों नहीं दी? यदि जानकारी दी गई थी, तो इसके बावजूद उन्हें सहायक केंद्र अध्यक्ष क्यों बनाया गया? विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. अहिरवार को यह तथ्य ज्ञात होने के बाद भी यह नियुक्ति क्यों की गई? क्या यह सब जानबूझकर किया गया, ताकि परीक्षार्थी को अनुचित लाभ मिल सके? स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बगरोड में इस प्रकार की लापरवाहियां कोई नई बात नहीं हैं। इससे पहले भी यहां गंभीर प्रशासनिक चूक के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन क्षेत्र मां यह चर्चा आम है कि हर बार की तरह इस बार भी ठोस कार्रवाई की उम्मीद कम ही है।

#### इनका कहना है-

"मुझे इस मामले की जानकारी नहीं थी। आगे इस तरह की गलती न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा।"
- रागिनी तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शाहनगर, जिला पन्ना

## पन्ना टाइगर रिज़र्व के अंतर्गत अवैध कटाई एवं चिरान की ज़ब्ती

### वनरक्षक के खिलाफ कटाई और घर से जब्ती में 2 अपराधिक प्रकरण दर्ज एवं निलंबन

### अनुशासन व नियमों को ताक में रखकर रक्षक ही भक्षक बनने की दास्ता पूरे विभाग में चर्चा का विषय



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में क्षेत्र संचालक नरेश सिंह यादव के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र पन्ना बफर अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक छापर एवं अन्य वन स्टाफ द्वारा बीट छापर में नियमित गश्ती के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा वृक्षों की अवैध कटाई कर सिल्लियां तैयार किए जाने की गतिविधि पाई गई।

वन स्टाफ द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर संबंधित व्यक्तियों को पकड़ने का प्रयास किया गया, किन्तु वे मौके से फरार हो गए। भागते हुए दो व्यक्तियों की पहचान वनरक्षक श्री संतोष प्रजापति एवं सुरक्षा श्रमिक बिहारी के रूप में की गई। उक्त कार्यवाही में सागौन की 07 नग लकड़ी, कुल 1.526 घन मीटर, जब्त की गई। दिनांक 09.02.2026 को विस्तृत जांच उपरांत दोनों व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा संबंधित वनरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। दिनांक 11.02.2026 को आरोपी वनरक्षक के ग्राम बड़ी रूंधी, तहसील अजयगढ़ स्थित निवास पर विधिवत सर्च वारंट के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 119 नग सागौन चिरान, कुल 2.055 घन मीटर, जब्त की गई। इस संबंध में पृथक से पुनः आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त समस्त कार्यवाही में कुल 126 नग, 3.581 घन मीटर सागौन की इमारती काष्ठ जब्त की गई है। दोनों आरोपी वर्तमान में फरार हैं। उनकी तलाश हेतु आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## स्वामी दयानंद सरस्वती का 202 वां जन्मदिवस समारोह मनाया गया

**महाराजपुर।** आर्य समाज महाराजपुर में स्वामी दयानंद सरस्वती का 202वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के बड़ी संख्या में नागरिक, आर्य समाज के सदस्य, विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आर्य समाज प्रांगण से शुरू हुआ। सबसे पहले ब्रह्म यज्ञ संपन्न हुआ, जिसके बाद देव यज्ञ किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित रविंद्र कुमार शास्त्री रहे। यज्ञ के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

## पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले में एक मारपीट के मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जोरदार शिकायत दर्ज कराई है। बीडी कॉलोनी निवासी सोनू कोरी 27 वर्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने एफआईआर में कुछ आरोपियों के नाम बदल दिए और दो लोगों को जानबूझकर शामिल नहीं किया, साथ ही जातिसूचक गालियों और मारपीट की उचित धाराएं भी दर्ज नहीं की गईं। पीड़ित सोनू कोरी ने बताया कि गुरूवार को सुबह करीब 10 बजे जब वह काम पर जा रहा था, तभी छात्रावास गेट के सामने मोहल्ले के कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उससे 2000 रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जातिसूचक गालियां देते हुए उसकी जमकर मारपीट की। उन्होंने डंडों और लोहे की वस्तु से हमला किया, जिससे सोनू के हाथ और सिर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामला संभला। सोनू कोरी का मुख्य आरोप है कि सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज करते समय कुछ आरोपियों के नाम गलत लिख दिए और दो मुख्य आरोपियों को एफआईआर से बाहर रखा। साथ ही एससी/एसटी एक्ट के तहत जातिसूचक गाली देने की धारा और मारपीट की गंभीर धाराएं भी ठीक से नहीं लगाई गईं। पीड़ित का कहना है कि इससे आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। एसपी कार्यालय पहुंचकर सोनू कोरी ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने एसपी से अपील की कि मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए, एफआईआर में सुधार किया जाए, सभी आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई हो और पीड़ित को न्याय मिले।

## आवारा कुत्तों का आतंकः बाइक सवार युवक पर हमला



**छतरपुर।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है अब इसने एक और सड़क हादसे का रूप ले लिया है। देर रात बसारी क्षेत्र के पास एक बाइक सवार युवक पर अचानक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक डिवाइडर के पास गिर पड़ा। इस हादसे में युवक के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी के अनुसार घायल युवक भागीरथ यादव किसी निमंत्रण कार्यक्रम से बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक एक आवारा कुत्ता उन पर झपट पड़ा। खुद को बचाने की कोशिश में युवक का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर जा गिरे। हादसे में चेहरे और शरीर पर गहरी चोटें आईं। परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल के भतीजे शिवम यादव ने बताया कि हमला इतना तेज और अचानक था कि बचाव का कोई मौका ही नहीं मिला।

## अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। थाना बमीठा पुलिस को कस्बा में ढाबा के सामने रोड में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। आरोपी संतोष उर्फ संतु प्रजापति पिता रामदास प्रजापति निवासी गंगवाहा बमीठा, छतरपुर को 315 बोर देशी कट्टा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ पर अवैध हथियार विक्रय करने वाले आरोपी की जानकारी प्राप्त हुई। अवैध हथियार विक्रेता की तलाश की गयी।

# एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़तालः छतरपुर में दवा प्रतिनिधियों ने दिखाई मजबूत एकजुटता

छतरपुर।

**मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन छतरपुर इकाई ने आज केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी और कार्पोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सक्रिय भागीदारी की। यह हड़ताल मुख्य रूप से चारों श्रम संहिताओं के विरोध में बुलाई गई थी, जिसमें देश भर के लाखों मजदूरों ने हिस्सा लिया। छतरपुर में यूनियन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हड़ताल में भाग लिया और अपनी मांगों को मजबूती से रखा।**




हड़ताल का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार से चारों श्रम संहिताओं को पूरी तरह रद्द करने की मांग था। यूनियन ने मांग की कि सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयी एक्ट 1976 को बहाल किया जाए। दवा प्रतिनिधियों के लिए वैधानिक कार्य नियमावली बनाई जाए। साथ ही, सरकारी अस्पतालों और चिकित्सालयों में दवा प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाए तथा उनके काम करने के अधिकार को सुनिश्चित किया जाए। राज्य सरकार से की गई प्रमुख मांगों में दवा प्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये घोषित करना, 8 घंटे की कार्य अवधि की अधिसूचना जारी करना और औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2(5) में संशोधन कर दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को कर्मकार का दर्जा देना शामिल है। यूनियन ने नियोक्ताओं से भी मांग की कि सेल्स के नाम पर दवा प्रतिनिधियों पर होने वाला दमन और उत्पीडऩ तुरंत बंद किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से उनकी गैर-कानूनी एवं अनैतिक निगरानी रोकी जाए तथा निजता के अधिकार का उल्लंघन न किया जाए।

छतरपुर यूनिट के अध्यक्ष अनुभव तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक अनुरागी, सचिव ओमप्रकाश नामदेव एवं रोहित दुबे सहित सभी वर्किंग कमेटी सदस्यों और यूनिट के समस्त सदस्यों ने हड़ताल में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। उनकी सक्रिय भागीदारी से स्थानीय स्तर पर हड़ताल की मजबूत उपस्थिति दर्ज की गई।

# पुलिस ने हाईवे से भटके 10 वर्षीय बालक को तलाश कर परिजनों से मिलवाया



छतरपुर।

पुलिस द्वारा बागेश्वर धाम में आयोजित कन्या विवाह, कथा सहित विभिन्न आयोजनों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। पुलिस बल कार्यक्रम स्थलों पर तैनात एवं क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील है। परिसर में पुलिस चौकी एवं पुलिस सहायता केंद्र सक्रिय है।

पुलिस टीम को राज्य पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से डायल 112 इवेंट से सूचना प्राप्त हुई की एक 10 वर्षीय बालक बागेश्वर धाम तिराहा फोरलेन हाईवे से परिजनों से बिछड़ गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं क्षेत्र में तलाश की गई। पुलिस सहायता केंद्र से अनाउंसमेंट करवाया गया। धाम परिसर एवं क्षेत्र में भ्रमण कर तलाश किया गया, पुलिस की कार्यवाही से शीघ्र ही बालक को धाम परिसर से तलाश कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, चौकी प्रभारी बागेश्वर धाम उप निरीक्षक डीडी शाक्य, प्रधान आरक्षक हदेश सिंह, आरक्षक भानु पटेल, निकेश यादव डायल 112 पायलट दीपेंद्र अवस्थी की भूमिका रही।

# पिकअप पलटी, आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल

छतरपुर।

**जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के टिपारी गांव के निवासी आदिवासी समाज के करीब 40 लोग आज सुबह एक पिकअप वाहन में सवार होकर निवाड़ी कटाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान मलवारे के तिगड्डे के पास वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे में वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए।**



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल किशनगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कई लोगों को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल हुए कुछ लोगों में तुलसा रानी, प्यारी आदिवासी, प्यारे लाल, चंदा आदिवासी, भान सिंह आदिवासी, गोबिंद आदिवासी सहित अन्य शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन के ओवरलोड होने और संभवतः तेज रफ्तार या ड्राइवर की लापरवाही को हादसे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रूपनारायण पटैरिया को दी गई विदाई सटई थाना परिसर में हुआ आयोजन




छतरपुर।

**पुलिस थाना सटई में निरीक्षक रूपनारायण पटैरिया का स्थानांतरण गौरिहार थाने पर होने के कारण एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह न केवल एक स्थानांतरण की औपचारिकता था, बल्कि उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, समर्पण और नेतृत्व के प्रति सम्मान का प्रतीक बना।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता चौकी प्रभारी कमला सिंह ने की। समारोह में थाना सटई के समस्त स्टाफ, पड़रिया चौकी के अधिकारी-कर्मचारी, डायल 112 टीम के सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पटैरिया जी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और अंगवस्त्र, कलम, धार्मिक पुस्तकें, तस्वीरें जैसी स्मृतिचिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

चौकी प्रभारी कमला सिंह ने श्री पटैरिया का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासनप्रियता और सरल व्यवहार के कारण वे सभी के प्रिय बने रहे। उन्होंने बताया, पटैरिया जी मृदुल और सरल भाषा के धनी हैं। उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वाह पूर्ण ईमानदारी और समर्पण से किया। उनका कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा। सभी उपस्थितजन भावुक होकर उनके साथ बिताए पलों और मार्गदर्शन को याद करते हुए आंसू बहाए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से चौकी पड़रिया प्रभारी कमला सिंह, एसआई तिलक सिंह, एएसआई जीतेन्द्र पाण्डेय, सुरेंद्र सिंह, अरविंद रावत, थाना सटई का समस्त पुलिस स्टाफ, डायल 112 टीम के सदस्य, मिंटू राय, भुजबल जोशी, महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मां की शिकायत के बाद नाबालिग बेटे ने किया बड़ा खुलासा

## नशा देकर कराई गई गहनों और नगदी की चोरी, दो युवकों पर लगाया आरोप

छतरपुर।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना नाका निवासी राजकुमारी पटेल ने अपने ही नाबालिग बेटे के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन मामले में अब नया मोड़ आ गया है। गुरुवार को महिला अपने बेटे को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां नाबालिग लड़के ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया और खुद पर लगे आरोपों को गलत बताते हुए दो युवकों पर गंभीर इल्ज़ाम लगाए।



जानकारी के अनुसार राजकुमारी पटेल ने 4 फरवरी को एसपी कार्यालय में आवेदन देकर बताया था कि उनका नाबालिग बेटा घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने की झुमकी, चांदी के जेवर और करीब 40 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गया है। परिजनों ने जबलपुर से लड़के को पकड़ा और अब वह माता-पिता के साथ पुलिस के सामने पेश हुआ।

नाबालिग ने पुलिस के सामने जुर्म कबूल करते हुए दावा किया कि सत्यम शर्मा और अभिषेक पटेल ने उसे नशे के इंजेक्शन लगाकर नशे की लत लगाई और फिर मां के गहने व नगदी चोरी करवाए। उसका कहना है कि नशे की लत के चलते उसे मजबूर किया गया। लड़के ने यह भी बताया कि आजाद चौक पर सोने की दुकान संचालक कपिल सोनी को सोना बेचने की बात कही गई थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने नाबालिग को अपने साथ लेकर जांच और पूछताछ शुरू कर दी है।

## बागेश्वर धाम में एक साथ दो लाख से अधिक हुआ हनुमान चालीसा पाठ

# देश भर के सुंदरकांड मंडल बनेंगे वानर दूत

### समूचा पंडाल पीले रंग में रंगा, दिखी एकरूपता

**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में गुरुवार का दिन अपने आप में ऐतिहासिक फलों का गवाह बन गया। हजारों लोगों ने एक साथ पहले सुंदरकांड पाठ किया इसके बाद सवा लाख हनुमान चालीसा के संकल्प से कहीं आगे निकलकर 2 लाख से अधिक पाठ का पुण्य अर्जित किया। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि देशभर में गठित हो रहे बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल वानर दूत का कार्य करेंगे। किसी भी मंडल को कोई परेशानी होगी तो वानर दूत सूचना मिलते ही पहुंच कर मदद करेंगे। महाराज श्री ने कहा कि एक साथ एक लाख लोग बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें ऐसा भविष्य में प्रयास किया जाए। समूचा पंडाल पीले रंग में रंगा दिखाई दिया इससे एकरूपता का संदेश गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे से उत्तर प्रदेश के हाथरस के मारुति नंदन मानस संगठन द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का अद्भुत प्रस्तुतीकरण किया गया। सुंदरकांड के प्रसंग से जुड़े भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने आनंद विभोर कर दिया। इसी तरह उत्तर प्रदेश के ही मऊ से आई श्री हनुमत कृपा सेवा समिति के मार्गदर्शन में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ किए गए। कथा पंडाल में उपस्थित 20 हजार से अधिक लोगों ने 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस तरह से सवा लाख हनुमान चालीसा के स्थान पर दो लाख से अधिक पाठ किए गए।

सात राज्यों के 175 जिलों में गठित हो चुके सुंदरकांड मंडल - बागेश्वर महाराज ने विशाल जन समूह को अवगत कराया कि 6 माह पूर्व सुंदरकांड मंडल की केंद्रीय समिति द्वारा गांव-गांव, शहर-शहर जाकर सभी सुंदरकांड मंडलों को बागेश्वर धाम से जोडऩे का जो प्रयास शुरू किया गया वह आज दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि सात राज्यों के 175 जिलों में मंडलों का गठन हो चुका है। 116 महिला सुंदरकांड मंडल भी गठित हुए हैं। हिंदुत्व, हिंदुस्तान और सनातन के लिए यह सुंदरकांड मंडल कार्य करेंगे। माला और भाला के साथ माताएं बहिने भी सनातन की रक्षा के लिए रणचंडी बनकर आगे आएंगी।



नौ राज्यों के सुंदरकांड मंडलों ने की सहभागिता- बागेश्वर धाम में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, विहार, दिल्ली, हरियाणा के लोगों ने सहभागिता की। महाराज जी ने बताया कि कई वर्षों से खुर्जा का मंडल सालभर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ करने के बाद जो भी राशि प्राप्त करता है वह बेटियों के विवाह के लिए दान करता है। भोपाल, टीकमगढ़ और इंदौर में 500-500 मंडलों का गठन हुआ है। वे 2026 में पदयात्रा निकालने के स्थान पर इन मंडलों के गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करेंगे। इसके साथ ही महाराज श्री ने बताया कि एक महीने में 11 जिलों में 11हजार किलोमीटर की रथ यात्रा भी 2026 में करेंगे।

आज बागेश्वर धाम आएंगे सीएम मोहन यादव बागेश्वर धाम की 300 बेटियों के विवाह महोत्सव में आशीर्वाद देने प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव आज आ रहे हैं। धाम के सेवादार नितेंद्र चौबे ने बताया कि दोपहर 3:00 बजे मुख्यमंत्री के आने की सूचना है उन्होंने यह भी बताया कि दोपहर में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास रमेश भाई ओझा जी एवं प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले भी बागेश्वर धाम पधार रहे हैं। समय की व्यस्तता के कारण यथा अनुकूल समय मिलते ही वह बागेश्वर धाम आकर सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। श्री चौबे ने यह भी बताया कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के भी महोत्सव के बीच आने की सूचना है।

# बागेश्वर धाम में आयोजित वैवाहिक सम्मेलन, कथा एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

छतरपुर।

**बागेश्वर धाम में आयोजित वैवाहिक सम्मेलन, कथा स्थल सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।**




श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु पूर्व निर्धारित पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। मार्गों पर यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए स्टॉपर एवं बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार डायवर्जन व्यवस्था भी लागू की गई है।

कार्यक्रम स्थलों एवं मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं एवं जन सामान्य को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

छतरपुर पुलिस श्रद्धालुओं, जन सामान्य एवं क्षेत्र वासियों से अपील करती है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों एवं मार्ग का उपयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। किसी शिकायत एवं सहायता हेतु छतरपुर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049101021 पर संपर्क करें।

## कलेक्टर के निर्देशन में कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव में दो दिवसीय कृषक सेमिनार का आयोजन

**छतरपुर।** कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में उपसंचालक कृषि छतरपुर द्वारा मध्यप्रदेश मिलेट मिशन के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, नौगांव में दो दिवसीय कृषक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को श्री अन्न (मिलेट्स) की वैज्ञानिक खेती, उन्नत उत्पादन तकनीक, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों एवं विपणन से जुड़ी नवीन जानकारियां प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मानवेंद्र सिंह, आशू प्रवीण मिश्रा, जय सिंह परमार, धनेश तिवारी सहित स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सेमिनार को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमलेश अहिरवार ने कृषि उत्पादन बढ़ाने के गुरुमंत्र साझा किए। उन्होंने उन्नत एवं प्रमाणित बीजों के चयन, समय पर बुवाई, बीज उपचार, मृदा परीक्षण आधारित संतुलित उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों के समुचित उपयोग, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन तथा जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन एवं अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मिलेट्स केवल पारंपरिक फसल नहीं, बल्कि भविष्य की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा का मजबूत आधार हैं।



कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. हेमंत कुमार सिन्हा ने अपने व्याख्यान में बताया कि बुंदेलखंड की बदलती जलवायु परिस्थितियों में मिलेट्स केवल फसल नहीं, बल्कि किसानों के लिए सुरक्षा कवच और आत्मनिर्भरता का आधार हैं। कम पानी में अच्छी पैदावार देने वाली यह फसल किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप

### फुटबाल प्रतियोगिता का समापन आज

**रीवा ।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में अन्तर्विश्वविद्यालय पश्चिम क्षेत्र फुटबाल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी से जारी है। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का समापन मैच 13 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. रामभूषण मिश्रा द्वारा दी गई है।

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**रीवा ।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा में विंड वर्ड कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 82 छात्रों द्वारा पंजीयन कराया गया। जिसमें से सर्वप्रथम कंपनी द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से 25 छात्रों का चयन किया गया। तत्पश्चात मौखिक परीक्षा में बैठे इन 25 छात्रों में से 7 छात्रों का चयन अंतिम रूप से विंड वर्ड कंपनी की विभिन्न इकाइयों हेतु किया गया। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ ऋषिकेश त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी गौरव गुप्ता के संयोजकत्व में किया गया । संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ भावना पांडे, ए पी सिंह, अशोक कुमार अवस्थी, हुलास कुमार, प्रिया शर्मा, श्रीमती ज्योति गौतम, सूरज कुमार वर्मा, आशीष पांडे तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा द्वारा समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### मजदूरों को ई-केवाइसी कराने पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

**रीवा ।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत रीवा और मऊगंज जिले में बड़ी संख्या में मजदूर पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें से रीवा जिले के 2024 और मऊगंज जिले के 3021 मजदूरों की ईकेवाईसी लंबित है। जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा है कि सभी पंजीकृत मजदूर पोर्टल पर अपना ईकेवाइसी अपडेट करा दें। समग्र संख्या दर्ज करने पर श्रमिक पोर्टल में मजदूरों की पूरी प्रोफाइल अपडेट हो जायेगी। ईकेवाइसी होने पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### निगम के विशेष वसूली शिविर शुरू, बोदाबाग में लगेगा शिविर

**रीवा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम रीवा द्वारा राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर 9 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सम्पत्तिकर, जलकर तथा अवैध कॉलोनी शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम द्वारा आयोजित इन शिविरों का समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविरों में करदाताओं को एक ही स्थान पर सभी बकाया करों का भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इसी क्रम में 12 फरवरी को वार्ड क्रमांक 6 एवं 18 के लिए पुराना बस स्टैंड परिसर में विशेष वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। निगम अधिकारियों के अनुसार शिविर के दौरान 2 लाख 74 हजार 143 रुपये की सम्पत्तिकर बकाया राशि तथा 1 लाख 83 हजार 866 रुपये की जलकर बकाया राशि जमा कराई गई। इस प्रकार एक ही दिन में कुल 4 लाख 58 हजार 9 रुपये की वसूली की गई। नगर निगम प्रशासन के अनुसार 13 फरवरी को वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 9 के लिए नीम चौराहा, बोदाबाग में विशेष वसूली शिविर आयोजित किया जाएगा। निगम ने संबंधित वार्डों के करदाताओं से समय पर पहुंचकर बकाया करों का भुगतान करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि वार्डवार शिविरों का यह क्रम 2 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा। गौरतलब है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

## कथा की रसधारा गौ संरक्षण, प्राकृतिक खेती व सनातन मूल्यों को मार्गदर्शन देगी - उप मुख्यमंत्री

# मनुष्य को ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे राष्ट्र व समाज प्रेरणा ले - जगतगुरू

रीवा ।





बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में रेवासा धाम, वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज द्वारा गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषय पर दिव्य कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पूज्य महाराज श्री का रीवा आगमन हम सबके लिए सपना साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि जब देश में बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं तो संतों को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है, ऐसे महान संत का हमारे बीच उपस्थित होना पूरे क्षेत्र का सौभाग्य है। इस आयोजन से क्षेत्र में अपार उत्साह और उमंग का वातावरण है। महाराज श्री की अमृतवाणी से बहने वाली कथा की रसधारा गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं सनातन मूल्यों को मार्गदर्शन देगी।उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने गौ सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि रीवा के लक्ष्मणबाग में एक हजार बेसहारा गायों के लिए गौशाला का निर्माण किया गया। इसके बाद बसामन मामा में 10 हजार गौवंश के संरक्षण की व्यवस्था की गई। वर्तमान में हिनौती धाम में 25 हजार गौवंशों के संरक्षण हेतु विशाल व्यवस्था विकसित की जा रही है। यह सुनकर पूज्य महाराज श्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। बसामन मामा स्थित गौशाला के समीप 500 एकड़ का प्राकृतिक वन क्षेत्र है, जिससे गौमाता के लिए प्राकृतिक चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित है। शुक्ल ने कहा कि रीवा में अनेक विकास कार्य हुए हैं, किन्तु यदि उनसे पूछा जाए कि उनका सबसे बड़ा कार्य कौन-सा है, तो वे लक्ष्मणबाग गौशाला और बसामन मामा में गौवंश विहार के निर्माण को ही अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। उन्होंने कहा कि रीवा के विकास में गौमाता की कृपा का विशेष योगदान है। गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि धरती को स्वस्थ रखना आवश्यक है। गौमाता के गोबर और गौमूत्र से निर्मित जीवामृत, बीजामृत जैसे उत्पाद भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं, जबकि रासायनिक खाद भूमि और मानव स्वास्थ्य दोनों को हानि पहुँचाते हैं। इसलिए गौ आधारित कृषि ही भविष्य का मार्ग है। धरती के स्वस्थ्य रहने से हम सब भी स्वस्थ्य रहेंगे।कार्यक्रम में संत संतोषदास (सतुआ बाबा) ने कहा कि रीवा में प्रवेश करते ही यह अनुभूति होती है कि यहां का नेतृत्व शासक की तरह नहीं, बल्कि सेवक की तरह कार्य कर रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल की सरलता व संतों के प्रति सेवाभाव उन्हें उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ायेगी और उनके संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, गाय इस पृथ्वी का सिंदूर है। उन्होंने देवहरा बाबा के वचनों का स्मरण करते हुए कहा कि जब तक पृथ्वी पर गायों का विचरण रहेगा, तब तक कलियुग प्रभावी नहीं हो सकता। इस अवसर पर राजगुरु बद्री प्रपन्नाचार्य (चित्रकूट) ने भी गौ सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए शुभ संकेत बताया। उन्होंने कहा कि गौमाता की कृपा से यह श्रेष्ठ आयोजन हो रहा है और गौसेवा से ही सारे संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने हमेशा संतों की सेवा करके श्रेष्ठता को प्राप्त किया है। कथा के दौरान राजेंद्रदास महाराज ने गौमाता को धर्म की जननी बताते हुए कहा कि गौ सेवा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ प्राप्त होते हैं। यदि भारत की शिक्षा, चिकित्सा और कृषि व्यवस्था गौ आधारित मॉडल पर स्थापित की जाए तो भारत विश्व में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकता है। गौ संरक्षण और संवर्धन को विकास का केंद्र बिंदु बनाकर ही राष्ट्र समृद्धि के शिखर तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को ऐसे कर्म करने चाहिए जिससे राष्ट्र व समाज प्रेरणा ले। उन्होंने जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह अपने क्षेत्र में गौवंश के संरक्षण के लिए गौधाम बनाये ताकि युग परिवर्तन हो सके। महाराज ने कहा कि बसामन मामा श्रृद्धा व आस्था का केन्द्र है हजारों वर्ष पहले कहा गया था कि यह क्षेत्र गौ तीर्थ बनेगा आज यह साकार रूप के तौर पर स्थापित है और इसकी परिणिति दिव्य स्थल के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि गौसंरक्षण व गौ आधारित प्राकृतिक खेती से ही स्वस्थ्य धरा के साथ मनुष्यों का स्वस्थ्य जीवन होगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में जगतगुरू बल्लदास फतेहपुर के छोटे महाराज , रामसुमनदास महाराज, गंगादास महाराज सहित विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कुलगुरू राजेन्द्र कुड़रिया, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अमितअभयराम , एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, डॉ. राजेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय विवेक दुबे सहित बड़ी संख्या में भक्तजन व श्रोता उपस्थित रहे।

## कंप्यूटरीकृत खसरा में बड़ी गड़बड़ी, निजी जमीनें दर्ज हुई शासकीय, अपनी ही भूमि के लिए भटक रहे किसान

### राजस्व विभाग की लापरवाही से बढ़ी मुश्किलें, संभाग आयुक्त ने कलेक्टर को दिए जांच और निराकरण के निर्देश

**रीवा।** जिले में राजस्व अभिलेखों के कंप्यूटरीकरण के बाद एक नई समस्या ने जन्म ले लिया है। कई निजी भू-स्वामियों की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय दर्ज हो गई है। नतीजतन, वर्षों से जिस जमीन पर लोग खेती कर रहे हैं या जिसका स्वामित्व उनके नाम दर्ज था, वह अचानक सरकारी भूमि के रूप में प्रदर्शित होने लगी है। इस गड़बड़ी के चलते प्रभावित लोग अपनी ही जमीन के स्वामित्व के लिए राजस्व विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, रीवा जिले में पहले से ही हजारों राजस्व प्रकरण विभिन्न स्तरों पर लंबित पड़े हैं। ऐसे में कंप्यूटरीकृत खसरा में हुई त्रुटियों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही या त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण निजी भूमि को शासकीय भूमि के रूप में दर्ज कर दिया गया। जब लोगों ने ऑनलाइन रिकॉर्ड या नकल निकलवाई, तब इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ। जैसे-जैसे मामला सामने आया, प्रभावित लोगों ने तहसील और जिला स्तर पर शिकायतें दर्ज कराना शुरू कर दिया। हालांकि, शिकायतों के निराकरण की गति बेहद धीमी बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि महीनों से आवेदन लंबित हैं और विभागीय कार्रवाई 'केंचुए की चाल' से चल रही है। कई मामलों में किसानों को ऋण, फसल बीमा और भूमि हस्तांतरण जैसे कार्यों में भी अड़चनें आ रही हैं। बैंक और अन्य संस्थाएं शासकीय दर्ज भूमि पर किसी भी प्रकार की प्रक्रिया आगे बढ़ाने से इंकार कर रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। वही इस गंभीर मामलों को लेकर समाजसेवी बी.के. माल ने संभाग आयुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कंप्यूटरीकरण के नाम पर की गई प्रविष्टियों में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संभाग आयुक्त ने कलेक्टर कार्यालय को पत्राचार कर शीघ्र जांच एवं निराकरण के निर्देश दिए हैं।

# न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा जेल का किया गया भ्रमण

रीवा ।




न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह न्यायाधिपति उच्च न्यायालय जबलपुर,राकेश मोहन प्रधान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,समीर कुमार मिश्रा जे.एम.एफ.सी. एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवानी शर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित उच्च न्यायालय जबलपुर एवं रीवा न्यायालय के अन्य न्यायिक अधिकारियों तथा विशिष्टजनों द्वारा केन्द्रीय जेल का भ्रमण निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति द्वारा महिला वार्ड का भ्रमण कर परिरूद्ध महिला बंदियों को फल तथा उनके साथ रह रहे बच्चों को फल एवं चॉकलेट वितरित किये गये । तत्पश्चात न्यायमूर्ति केन्द्रीय जेल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। न्यायमूर्ति द्वारा 'रहे ना रहे हम' गीत के बोल के साथ जेल में परिरुद्ध बंदियों को बेहतर जीवन यापन करने, साधना करने तथा योग और ध्यान करने की सलाह दी गई। न्यायमूर्ति द्वारा केन्द्रीय जेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की गई एवं भविष्य में केन्द्रीय जेल भ्रमण तथा बंदियों को गीत सुनाने हेतु आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक द्वारा न्यायमूर्ति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन संगीत शिक्षक राजेश कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

# नये सत्र में हर शाला जाने योग बच्चे का शाला में प्रवेश करायें - कमिश्नर



रीवा ।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शिक्षा तथा ट्रायबल विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने पर शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश करायें। शिक्षा पोर्टल के डाक बाक्स में शाला त्यागी बच्चों की पूरी सूची उपलब्ध है। जिला शिक्षा अधिकारी सूची के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से शाला प्रवेश करायें। शालाओं में रगाई-पोताई कराकर उन्हें आकर्षक बनायें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ रोचक तरीके से बच्चों को शिक्षा दें। सभी स्कूलों में पेयजल और शौचालय की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करायें। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। प्राथमिक शाला के शिक्षक सप्ताह में एक दिन आसपास के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर वहां के बच्चों को प्री-प्रायमरी शिक्षा दें। जिससे बच्चे आंगनवाड़ी के बाद सीधे शाला में प्रवेश ले सकें। कमिश्नर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। किसी भी केन्द्र में नकल प्रकरण पाये जाने पर केन्द्राध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बीईओ और बीआरसी शालाओं का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। शिक्षा को रोजगारोन्मूखी बनाने के लिए लगातार प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग के तहत संभाग में अनुसूचित जाति के लिए 180 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 113 छात्रावास संचालित हैं। इनमें व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनात करें। जनजातीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी छात्रावासों का निरीक्षण करके इनकी व्यवस्थाओं में सुधार करायें। लापरवाही बरतने वाले अधीक्षकों को पद से हटाने की कार्यवाही करें। छात्रावासों में विद्यार्थियों के रहने, भोजन, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, खेलकूद और पढ़ने की समुचित व्यवस्था करें। बालिका छात्रावासों के निरीक्षण के लिए महिला अधिकारी तैनात करें। अधीक्षक को रात 8 से 10 बजे तथा सुबह 5 से 8 बजे के बीच फोन लगाकर छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी लें। कमिश्नर ने कहा कि छात्रावास के विद्यार्थियों को सामान्य पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उचित मार्गदर्शन दें। विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास करें। शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षक के कंधे पर देश की भावी पीढ़ी को तैयार करने की जिम्मेदारी है। सभी शिक्षक इसका ठीक से निर्वहन करें। छात्रवृत्ति वितरण के लिए अभी भी संभाग में 14 हजार 433 विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेशन शेष है। सभी प्राचार्य तीन दिन की समय सीमा में शत प्रतिशत प्रोफाइल अपडेशन करायें। बैठक में कलेक्टर ने वनाधिकार पट्टों के वितरण, धरती आबा योजना के क्रियान्वयन, रोजगामूलक योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज राहत प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय सभी जिलों के शिक्षा अधिकारी तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक के घर डकैती, पांच नकाबपोश बदमाश लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार

### कार्रवाई से पीड़ित असंतुष्टपुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

रीवा।



जिले के जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरौली ठकुरान गांव में शुक्रवार देर रात एक सनसनीखेज डकैती की वारदात सामने आई है। शादी समारोह से लौटे एक शिक्षक के घर में घुसे पांच नकाबपोश बदमाशों ने विरोध करने पर फायरिंग की और लाखों रुपये के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय स्कूल गढ़ी में पदस्थ शिक्षक रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी 6 फरवरी की रात करीब 1:45 बजे परिवार सहित रीवा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौटे थे। जैसे ही उन्होंने घर के मुख्य गेट का ताला खोला, अंदर से दो नकाबपोश बदमाश बाहर निकल आए। शिक्षक द्वारा शोर मचाने पर बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि घर के बाहर पहले से ही तीन अन्य बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर घात लगाए बैठे थे। फायरिंग के बाद सभी आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। वह पीड़ित परिवार ने बताया कि बदमाशों ने घर के सभी कमरों के ताले तोड़ दिए थे। आरोपियों ने घर में रखे सोने का हार, चार अंगूठियां, चेन, हीरे का लॉकेट, झुमकी, नथिया, सोने का ब्रेसलेट सहित चांदी के भारी जेवरात और मोटी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वही पीड़ित शिक्षक रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया है। उन्होंने रीवा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मांग की है कि मामले की जांच जवा थाना प्रभारी और एसडीओपी डभौरा के अलावा किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन अब तक न तो लूट का माल बरामद हुआ है और न ही मुख्य आरोपियों का पता चल पाया है। परिवार ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। साथी उन्होंने कहा है यदि न्याय नहीं मिलता है तो वह न्यायालय के शरण में जाएंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से उच्च टीम गठित कर कार्रवाई की मांग की है।

### हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा आज से

**रीवा ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र शुक्रवार 13 फरवरी को उर्दू विषय का होगा। शनिवार 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 17 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। गुरूवार 19 फरवरी को संस्कृत तथा शुक्रवार 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन

## शाखा प्रबंधक ने वित्तीय साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मऊगंज



आरबीआई द्वारा महत्वपूर्ण कार्यक्रम 9 फरवरी से 13 फरवरी 2026 के बीच मनाया जा रहा हैआरबीआई वर्ष 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम 'केवाईसी' रखी गई है, जिसका शीर्षक है 'केवाईसी–सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम'। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्मार्ट और सुरक्षित वित्तीय निर्णय लेने में सहायता करना है यूनियन बैंक मऊगंज के शाखा प्रबंधक देवाशीष सरकार एवं असिस्टेंट मैनेजर सिद्धार्थ पांडे द्वारा केवाईसी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संपूर्ण राज्य में आयोजित किए जायेंगे। इस तरह के 104 रथ पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उपयोग अपने ग्राहकों के बीच केवाईसी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए करें। उन्होंने ग्राहकों के खाते खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाने में केंद्रीय केवाईसी (CKYC) रिकॉर्ड रजिस्ट्री की भूमिका पर बल दिया। साथ ही उन्होंने केवाईसी से संबंधित धोखाधड़ी तथा खातों के दुरुपयोग के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।इस कार्यक्रम में एफसी आरोह फाउंडेशन अंबुज सिंह टीएसपी आंचल सिंह सहित कई अन्य कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे उपस्थित रहे।